समापन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में चार दिवसीय उत्कर्ष-26 का समापन

# खेल, साहित्य और संस्कृति में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा







**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत जबलपुर वेटरनरी कॉलेज में आयोजित चार दिवसीय 'उत्कर्ष-26' खेल, साहित्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुक्रवार को उत्साह और उल्लास के बीच भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अजय बिश्नोई रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा ने की।

अतिथियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, साहित्यिक गतिविधियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के विजेताओं को मेडल और पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजन बेहद आवश्यक हैं, क्योंकि खेल जहां स्वास्थ्य और टीम भावना को मजबूत करते हैं, वहीं साहित्य और संस्कृति अभिव्यक्ति व रचनात्मकता को नया मंच देते हैं। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर, डॉ. मधु स्वामी, डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. देवेंद्र गुप्ता, डॉ. अपरा शाही, डॉ. शोभा जवारे, डॉ. राखी वैश्य, डॉ. एस.के. महाजन और डॉ. ए.पी. सिंह सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बॉलीवुड और फोक डांस की आकर्षक प्रस्तुतियां

समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने बॉलीवुड डांस और फोक डांस की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर सभागार में उत्साह का माहौल बना दिया। तालियों की गूंज के बीच दर्शकों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और पूरा वातावरण रंगारंग प्रस्तुतियों से सराबोर रहा। प्रतियोगिताओं के परिणामों में ओवरऑल खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार जबलपुर वेटरनरी कॉलेज को मिला, जबकि द्वितीय स्थान वेटरनरी कॉलेज महू ने प्राप्त किया।

## इनका रहा योगदान

आयोजन को सफल बनाने में जबलपुर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. आदित्य मिश्रा, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन, रीवा वेटरनरी कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. ए.पी. सिंह, महू वेटरनरी कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. बी.पी. शुक्ला, डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ. अनिल गट्टानी तथा विभिन्न समितियों और टीम मैनेजरों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. आकांक्षा सिंह, पायल जैन और वंदना गुप्ता ने किया, डॉ. बृजेश सिंह ने आभार व्यक्त किया।




# ब्राम्हण प्रीमियर लीग का आगाज

▶ डॉक्टर एकादश, शौर्य एकादश और रामदूत एकादश ने जीते मैच

**नवभारत,जबलपुर।** रानीताल स्थित वेलोड्रम ग्राउंड में ब्राम्हण प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भगवान परशुराम, श्रीराम के पूजन अर्चन के साथ किया गया। आयोजन समिति के सिद्धार्थ तिवारी, सुविल तिवारी ने नवभारत को बताया कि प्रतियोगिता का पहला मैच डॉक्टर्स एकादश बनाम शाश्वत एकादश के बीच खेला गया जिसमें शाश्वत एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवरों में 59 रन बनाए। 60 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डॉक्टर एकादश की टीम ने आसानी से 60 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैच में डॉक्टर एकादश की ओर से अन्नू पांडे ने शानदार चार विकेट लिए जिन्हें समिति द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार दिया गया। प्रतियोगिता का दूसरा मैच परशुराम एकादश गढ़ा बनाम शौर्य एकादश के बीच खेला गया जिसमें शौर्य एकादश की टीम ने अभिलाष उपाध्याय की कप्तानी में परशुराम एकादश गढ़ा टीम को 1 रन से हरा दिया। वहीं तीसरे मैच में रामदूत एकादश ने 81 रनों के लक्ष्य को हासिल करके मैच जीत लिया है।

# रेलवे की तत्परता से परिजनों को मिली राहत

**जबलपुर, नवभारत।** भारतीय रेलवे यात्रियों की सुरक्षा एवं सहायता के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में जबलपुर रेलमंडल में रेलवे प्रशासन, जीआरपी एवं आरपीएफ की सतर्कता और त्वरित समन्वय का एक सराहनीय उदाहरणसामने आया है, जिसमें जबलपुर से लापता हुई एक किशोरी को कुछ ही घंटों में आगरा में सुरक्षित ढूंढ लिया गयाऔर परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रतन नगर, जबलपुर निवासी नितिन उपाध्याय की17 वर्षीय पुत्री 09 मार्च को रात्रि लगभग 07:30 बजे घर से नाराज होकर कहीं चली गई थी।

# पांढुर्णा की शानदार जीत, बालाघाट को 6 विकेट से हराया



▶ अदिति की नाबाद 67 रन की पारी और श्रद्धा के 4 विकेट से मैच बना एकतरफा

**नवभारत, जबलपुर।** एमपीसीए स्टेडियम नीमखेड़ा में जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर महिला एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता (2025-26) के तहत शुक्रवार को पांढुर्णा और बालाघाट के बीच मुकाबला खेला गया। पांढुर्णा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालाघाट को 6 विकेट से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बालाघाट की टीम 47.2 ओवर में 151 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से अंजलि कनोजी ने 36 रन और तान्या मतेल ने 32 रन बनाए। पांढुर्णा की ओर से श्रद्धा धुर्वे ने 10 ओवर में 39 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि सम्भवी मिश्रा ने 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए पांढुर्णा की टीम ने 29.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 155 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

अदिति यादव ने जिम्मेदार बल्लेबाजी करते हुए 89 गेंदों में 9 चौकों की मदद से नाबाद 67 रन बनाए। उन्होंने श्रद्धा धुर्वे (13) के साथ पहले विकेट के लिए 98 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। बालाघाट की ओर से अंजलि कनोजी ने 3 विकेट और भुवनेश्वरी यादव ने 1 विकेट लिया। मैच में अंपायर की भूमिका पवन सिंधिया और प्रतीक खरे ने निभाई, जबकि स्कोरर सिमरन रहीं। प्रतियोगिता के अगले मुकाबले में आज शनिवार सुबह 9 बजे से एमपीसीए स्टेडियम नीमखेड़ा में जबलपुर बनाम पांढुर्णा तथा सिवनी बनाम डिंडोरी के बीच खेले जाएंगे।

# बुजुर्ग के खाते से निकले 25 हजार

**जबलपुर।** सागर कॉलोनी निवासी एक बुजुर्ग के खाते से भी 25 हजार रूपए निकाल लिए गए। संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि चंदू लाल मोची 65 वर्ष निवसी सागर कॉलोनी ने शिकायत की कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके यूनियन बैंक खात से 6 बार में 25 हजार 574 रूपये निकालते हुये धोखाधडी की है।

# जीआरसी और आरपीएफ ने जीते मैच



**जबलपुर, नवभारत।** रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर द्वारा रेलवे ग्राउंड में चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेलवे के मुखिया महानिरीक्षक राजीव यादव के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस कड़ी में पहला मैच जीआरसी और एमपी पुलिस के बीच हुआ जिस में जीआरसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जीआरसी की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 140 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमपी पुलिस जबलपुर की टीम 129 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार जीआरसी की टीम ने यह मैच अपने नाम कर लिया। शुक्रवार के मुकाबलों में मैच के मुख्य अतिथि टीआई सिविल लाइन अनूप सिंह रहे तथा दूसरे मैच के मुख्य अतिथि निरीक्षक आरपीएफ सीआईबी जबलपुर के बचन देव रहे। दोनों अतिथियों के करकमलों से मैन ऑफ द मैच खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

## आरपीएफ और एसएएफ का हुआ मुकाबला

दूसरे मैच में आरपीएफ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरपीएफ की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 161 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमपीएसएएफ जबलपुर की टीम 99 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार आरपीएफ ने यह मैच अपने नाम कर लिया।

# लड़कियों का आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने वाले यूट्यूबर को झटका

▶ हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से किया इंकार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने लड़कियों को लेकर कथित आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में आरोपी रीवा के एक यूट्यूबर को राहत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस राजकुमार चौबे की एकलपीठ ने आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। रीवा निवासी निवासी यूट्यूबर मनीष कुमार पटेल के खिलाफ रीवा के सिविल लाइंस थाने में केस दर्ज किया गया है। उसके खिलाफ दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने वेलेंटाइन वीक के दौरान एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें ब्राह्मण समाज की युवतियों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं और फिर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया। गिरफ्तारी की आशंका के चलते आरोपी ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पैनल अधिवक्ता रघुवर प्रजापति और आपत्तिकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनिल तिवारी ने पक्ष रखा। सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि आरोपी मनीष कुमार पटेल के खिलाफ पहले से ही चोरी के पांच आपराधिक मामले लंबित हैं। जिसके बाद न्यायालय ने आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी।

FOR SALE

सुख_सागर_वैली ग्वारीघाट रोड, रो हाउस बिक्री हेतु, प्रीमियम 2BHK, कॉर्नर प्लॉट, गार्डन साइड, पर्सनल बोरिंग, अतिरिक्त पार्किंग। सर्वसुविधा युक्त सोसाइटी। संपर्क : 9109156789

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 11 जिलों की महिलाओं का सम्मान



▶ नेशनल मीडिया फाउंडेशन नारी शक्ति गौरव अवॉर्ड का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेशनल मीडिया फाउंडेशन, जबलपुर द्वारा भव्य समारोह आयोजित कर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को 'नारी शक्ति गौरव अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, समाज सेवा, पत्रकारिता, उद्यमिता, कला, संगीत, भरतनाट्यम, खेल, चिकित्सा और विधि क्षेत्र की महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 11 जिलों—कटनी, रीवा, सतना, मैहर, सिंगरौली, लखनादौन, नरसिंहपुर, गाडरवारा, भोपाल, इंदौर सहित अन्य क्षेत्रों से महिलाओं ने भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि मुंबई से पधारे फिल्म एवं टेलीविजन कलाकार ब्रिज किशोर तिवारी रहे, उन्होंने सर्वप्रथम दिव्यांग बच्चियों को नारी शक्ति गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि यामिनी अनु सिंह ने कहा कि नेशनल मीडिया फाउंडेशन पिछले 11 वर्षों से यह आयोजन कर रहा है और इस बार 11 जिलों की महिलाओं को सम्मानित करना संस्कारधानी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने झांसी की रानी, रानी दुर्गावती और अहिल्याबाई होल्कर जैसी वीरांगनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हर नारी अपने आप में सशक्त है। कार्यक्रम में नागेश्वर राव गौका (डीजीएम, कुंदन ग्रीन एनर्जी), मनीषा अशोक रोहाणी और कीर्ति अभिलाष पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। नेत्रहीन बच्चियों द्वारा गणेश वंदना, नारी शक्ति पर नाट्य प्रस्तुति, भरतनाट्यम तथा गीत-संगीत की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया।

## गुमशुदगी सूचना

सूचित किया जाता है कि **नीरज कुमार तिवारी** पिता श्री राजकुमार तिवारी, निवासी 94 बरतरा, चांदनखेड़ा, जिला कटनी (म.प्र.) द्वारा सत्र 2014-15 में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर से बी.टेक (कृषि अभियांत्रिकी) की उपाधि प्राप्त की गई थी। दिनांक10/02/2026 को जी.एन.के. वी.वी. से अधारताल तिराहा, जबलपुर के बीच कहीं उपाधि प्रमाण पत्र (डिग्री) गिर जाने से गुम हो गया है। इसकी सूचना थाना अधारताल, जबलपुर में दे दी गई है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रमाण पत्र प्राप्त हो तो कृपया नीचे दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करें।

संपर्क

**नीरज कुमार तिवारी**

मोबाइल-8982209036

## न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क./2529/अ-6/2025-26

जबलपुर दिनांक : 06/03/2036

### आम इश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **कृष्ण पाल सिंह** पिता मनीराम पटेल निवासी कटंगी रोड़ मुड़िया के द्वारा मौजा माढ़ोताल मुड़िया नं.ब. 660 प.ह.नं. 25/31 खसरा नं. 187/3/1 रकबा 437.6 वर्गफुट भूमि जिले पंजीकृत दान पत्र दिनांक 22/09/2025 के आधार पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों के नाम दर्ज किये जाने हेतु दानपत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत उक्त पेशी दिनांक 23/03/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माधम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 06/03/2026 (मोहर)

पेशी दिनांक : 23/03/2026

नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर

## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि मेरे पक्षकार **श्रीमती सोनम रजक** पत्नी श्री सहगल रजक द्वारा आवासीय उपयोग की संपत्ति दो मंजिला मकान नगर निगम मकान संख्या 197, जबलपुर नगर निगम, राजेंद्र बार्ड, दक्षिण मिलोनीगंज, तहसील एवं जिला जबलपुर में स्थित नजूल ब्लॉक संख्या 16 का भाग, नजूल प्लॉट संख्या 110/2, नगर निगम मकान संख्या 197, जिसका कुल रकबा 650 वर्ग फुट है उक्त संपत्ति खरीदने के लिए श्री प्रदीप मिश्रा पिता स्वर्गीय श्री पंडित शंकरा मिश्रा, श्रीमती ममता मिश्रा, श्रीमती रचना तिवारी एवं श्रीमती अमिता पाठक सभी के पिता स्वर्गीय श्री पंडित शंकर लाल मिश्रा से अनुबंध पत्र किया है उक्त संपत्ति भूमिस्वामी श्री प्रदीप मिश्रा पिता स्वर्गीय श्री पंडित शंकर लाल मिश्रा, श्रीमती ममता मिश्रा, श्रीमती रचना तिवारी एवं श्रीमती अमिता पाठक सभी के पिता स्वर्गीय श्री पंडित शंकर लाल मिश्रा को अपनी माताश्री श्रीमती राजकुमारी बाई मिश्रा पत्नी स्वर्गीय श्री पंडित शंकर लाल मिश्रा की मृत्यु पश्चात् प्राप्त हुई है। उक्त संपत्ति भूमिस्वामी श्रीमती राजकुमारी बाई मिश्रा पत्नी स्वर्गीय श्री पंडित शंकर लाल मिश्रा ने श्री पंडित रामनारायण जोशी पुत्र स्वर्गीय श्री पंडित हरि प्रसाद जोशी से विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय पत्र दिनांक 23.12.1988, दस्तावेज क्रमांक-4767 के माध्यम से क्रय किया है। तथा भूमिस्वामी श्री पंडित रामनारायण जोशी पिता स्वर्गीय श्री पंडित हरि प्रसाद जोशी ने श्रीमती सावित्रीबाई पत्नी श्री श्यामसुंदर शर्मा से विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय पत्र दिनांक 20.12.1965 के माध्यम से क्रय किया है। यह कि श्रीमती सोनम रजक पत्नी श्री सहगल रजक द्वारा मेरे पक्षकार Capri Global Capital Ltd (CGCL) / Capri Global Housing Finance Ltd. (CGHFL) से उक्त संपत्ति को बंधक कर ऋण प्राप्त किया जा रहा है जिसकी सुरक्षा हेतु श्रीमती सोनम रजक पत्नी श्री सहगल रजक द्वारा उक्त संपत्ति/ मकान बंधक किया की जा रही है। उक्त संपत्ति का साम्यिक बंधक हेतु पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 20/12/1965 के मूल प्रति की आवश्यकता है जो कि वर्तमान भूमिस्वामी द्वारा गुम हो गई है जिसकी प्राथमिक सूचना थाना कोतवाली को दी जा चुकी है अतः जिस किसी व्यक्ति संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार Capri Global Capital Ltd (CGCL)/ Capri Global Housing Finance Ltd. (CGHFL) को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, समय उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

जबलपुर, दिनांक : 13/03/2026

भवदीय

**राजेश प्यासी एडवोकेट**

319, गली नं. 05, त्रिमूर्ति नगर, दमोहनाका जबलपुर मोबा. 9424320068

## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

### निविदा सूचना

पत्र क्र./सा.वि./2025-26/123/PRO-979 — दिनांक 13/03/2026

नगर पालिक निगम जबलपुर कार्यालय सामान्य प्रशासन विभाग से वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु रसीद बुकों, प्रपत्रो रजिस्टर, फॉर्म आदि के मुद्रण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की जानकारी हेतु ऑनलाईन वेबसाईड mptenders.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है। पूर्व में निविदा सूचना कमांक /2025-26 / 82/PRO-493 दिनांक 09/09/2025 एवं UAD_451625_1 द्वारा स्थानीय समाचार पत्रों व ऑनलाईन प्रकाशन कर निविदा आमंत्रित की गयी थी ,कुछ मुद्रण सामग्रियो की दरें पुनः प्राप्त करने हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है।

| क्र. | कार्य का विवरण | निविदा की राशि (अनुमानित) | निविदा की प्रपत्र की राशि | निविदा की सत्यंकार | निविदा की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुद्रण कार्य हेतु | 15 लाख | 2000/- | 11250/- | पूर्व निविदा की अंतिम तिथि 23/12/2026 तक |

1. निविदा प्रपत्र कय करने तिथि - 13 / 03 / 2026 से 01/04/2026 तक
2. निविदा प्रपत्र जमा करने अंतिम तिथि - 01/04 / 2026
3, तकनीकी बिड खोलने की तिथि - 02/ 04 / 2026
4. निविदा प्रपत्र जमा करने अंतिम तिथि के एक दिन पूर्व शाम पॉच बजे तक सेंपल स्पीड पोस्ट माध्यम से भेजा जाना अनिवार्य है।

उपायुक्त

नगर निगम, जबलपुर

## कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

क्र./413/अ.वि.अ./भू-अर्जन /2026 — नरसिंहपुर, दिनांक-05/03/2026

### प्रारंभिक अधिसूचना

(देखिये धारा 11)

**रा.मा.क्र.0005/अ-82/2025-26 मौजा ग्राम-पीपरपानी प.ह.नं. 27, न.ब.-266 तहसील-सांईखेड़ा**

चूँकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची-1 में कार्यपालन यंत्री रानी अवंती वाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर को नर्मदा नदी पर चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के लिये चिनकी बेराज निर्माण हेतु भूमि की आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। सर्व संबंधित को यह सूचित किया जाता है कि चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति (EC Identification No. EC23B000MP119529) को राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा दिनांक 30/01/2023 प्रदाय की गई है। भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-6 की उपधारा-2 के अनुसार सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में जहां पर्यावरणीय प्रभाव निर्धारित की प्रक्रिया की तत्समय प्रवत्त किसी अन्य विधि के प्रावधानों के अधीन अपेक्षा की जाती, सामाजिक प्रभाव निर्धारण से संबंधित इस अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होंगे। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन सार्वजनिक सूचना के जरिये सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा उक्त परियोजना हेतु निम्नानुसार भूमि का अर्जन किया जाता है :-

**अनूसूची- 1**

1. परियोजना का नाम : चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना।
2. भूमि का विवरण
   1. जिला : नरसिंहपुर
   2. तहसील : सांईखेड़ा
   3. ग्राम : पीपरपानी
   4. प.ह.न. : 27
   5. न.बं. : 266
   6. अर्जित भूमि का क्षेत्रफल : 7.894 हे.

**अनूसूची-2**

| क्र. | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | स्वामित्व का प्रकार | खसरा नंबर | अर्जित रकवा हेक्टे.में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | अंतराम पिता शेरसिंह, हल्कैभैया पिता शेरसिंह, बलिराम पिता शेरसिंह, बारोबाई पुत्री शेरसिंह, राजकुमारी बाई पुत्री शेरसिंह जाति नोरिया पता कैलकच्छ सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश, माखन पिता शेरसिंह जाति नौरिया पता कैलकच्छ सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश, अनोखीबाई पुत्री शेरसिंह, विराजबाई बेवा शेरसिंह जाति नोरिया पता कैलकच्छ सांईखेडा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश भूमिस्वामी। | भूमिस्वामी | 2/1(S) | 0.117 |
| 2 | गुमता बैवा मारू पिता मारू पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | भूमिस्वामी | 2/1(S)<br>5/3(S) | 0.117<br>0.599 |
| 3 | माखनसिंह पिता पन्नालाल, कन्हैयालाल,पिता पन्नालाल, शिवराजसिंह पिता पन्नालाल, पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | भूमिस्वामी | 3(S)<br>5/2(S) | 0.243<br>1.415 |
| 4 | ममताबाई पुत्री गुलजारसिंह राजपूत, सावित्रीबाई पुत्री गुलजारसिंह राजपूत, गीताबाई पुत्री गुलजारसिंह राजपूत , फूलाबाई पुत्री गुलजारसिंह राजपूत, कृष्णाबाई पुत्री गुलजारसिंह राजपूत जाति राजपूत पता सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश, गुड्डीबाई पुत्री गुलजारसिंह राजपूत पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंह मध्य प्रदेश | भूमिस्वामी | 7(S) | 0.225 |
| 5 | प्रेमा पिता सुम्मा जाति चमार, फुलिया पत्नी प्रेमा जाति चमार पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | भूमिस्वामी | 8/1/22 (S) | 0.140 |
| 6 | केवलसिंह पिता बुद्धे जाति मेहरा पता सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | भूमिस्वामी | 8/1/8/2 (S) | 0.130 |
| 7 | विमला बाई पिता मन्शाराम जाति चमार पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | भूमिस्वामी | 8/1/5 (S) | 0.040 |
| 8 | रविशंकर पिता अजमेर सिंह, भगवान सिंह पता अजमेर सिंह, शिवपाल सिंह पिता अजमेर सिंह जाति राजपूत पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | भूमिस्वामी | 8/2(S) | 0.070 |
| 9 | शक्ति पाल सिंह तेगबहादुर सिंह जाति राजपूत पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | भूमिस्वामी | 9/1(S)<br>9/2(S) | 2.515 |
| 10 | छत्रसाल सिंह पिता श्रीपाल सिंह जाति राजपूत पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | भूमिस्वामी | 9/3(S) | |
| 11 | इन्द्रजीत सिंह पिता श्रीपालसिंह जाति राजपूत पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य | भूमिस्वामी | 9/4(S) | |
| 12 | श्रीपाल पिता तेगबहादुर जाति राजपूत पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | भूमिस्वामी | 12(S) | 0.170 |
| 13 | सिंधु सिंह पति छत्रपात सिंह उर्फ धर्मपालसिंह जातिराजपूत पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | भूमिस्वामी | 11/3(S) | 1.165 |
| 14 | चंद्रहास पिता श्रीपाल सिंह जाति राजपूत पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | भूमिस्वामी | 14(S) | 0.024 |
| 15 | अखलेशसिंह पिता त्रिभुवन उर्फ बाबूसिह जाति राजपूत,संतोषसिंह पिता त्रिभुवन उर्फ बाबूसिंह जाति राजपूत,कृष्णपाल सिंह पिता त्रिभुवन उर्फ बाबूसिंह जाति राजपूत, कौशलीबाई पुत्री त्रिभुवन उर्फ बाबूसिंह जाति राजपूत,मनोरमाबाई पुत्री त्रिभुवन उर्फ बाबूसिंह जाति राजपूत, पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्यप्रदेश | भूमिस्वामी | 15(S)<br>16(S)<br>17(S) | 0.340<br>0.090<br>0.130 |
| 16 | धर्मपाल सिंह पिता तेगबहादुरसिंह जाति राजपूत पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश | भूमिस्वामी | 18(S) | 0.048 |
| | **कुल योग** | | | **7.894** |

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिये भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) की धारा11 (1) उपबंधों के अधीन जारी की गई है। राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक-एफ भोपाल दिनांक-एफ 16-15(70)-2014- सात-शा, 2ए भोपाल दिनांक 29/09/2014 जिसका मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 03/10/2014 के पृष्ठ क्रमांक 2895 पर प्रकाशन किया गया है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में प्रभारी अधिकारी भू-अर्जन नरसिंहपुर को अधिनियम की धारा-12 द्वारा दी गई शक्ति का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता हैं।

सरकार, उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिष्ट कार्यपालन यंत्री रानी अवंती वाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर और उसके कर्मचारिवृंद को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या वेधन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिये अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिये प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा-11(4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिकारी के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात क्रय / विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई भी विल्लंगम सृजित नहीं करेगा। अधिनियम की धारा-15(1) के अधीन यथा उपबंधित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर किसी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में **कलेक्टर (कक्ष क्रमांक-84, भू-अर्जन शाखा, नरसिंहपुर)** एवं **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गाडरवारा,** के समक्ष (**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गाडरवारा** में आपेक्ष यदि कोई हो फाईल किए जा सकेंगे। भूमि से संबंधित रेखांकन **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुविभाग गाडरवारा** कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**गाडरवारा, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)**

**(श्रीमति रजनी सिंह)**
**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव**
**मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**
**जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**

जी-27197/25

बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल